रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-03072020-220342
CG-DL-E-03072020-220342

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1934] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जुलाई 02, 2020/आषाढ़ 11, 1942
No. 1934] NEW DELHI, THURSDAY, JULY 02, 2020/ASADHA 11, 1942

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 2 जुलाई, 2020

का.आ. 2188(अ).—प्रारुप अधिसूचना भारत के राजपत्र, असाधारण में भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 3859(अ), तारीख 25 अक्टूबर, 2019, द्वारा प्रकाशित की गई थी जिसमें ऐसे सभी व्यक्तियों से, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना से युक्त राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारूप अधिसूचना से युक्त राजपत्र की प्रतियां जनता को तारीख 25 अक्तूबर, 2019, को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और, पूर्वोक्त प्रारूप अधिसूचना के प्रत्युतर में व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर राज्य सरकार में विचार किया गया था;

और, कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान उत्तर अक्षांश 13^0 01' से 13^0 29' और पूर्व देशांतर से 75^0 01' से 75^0 25' के बीच स्थित है और 600.57 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में फैला है; और राष्ट्रीय उद्यान कर्नाटक राज्य के चिकमंगलुरू दक्षिण कन्नड और उडुप्पी जिलों के त्रि-जंक्शन में केंद्रीय पश्चिमी घाटों (गोवा और नीलगिरी के बीच का स्थान) के मध्य में स्थित है, यह विश्व के 34 जैव–विविधता हॉट-स्पॉट का एक भाग है और जैविक समृद्धि का संकेत स्थल है;

और, राष्ट्रीय उद्यान कम ऊंचाई वाले आर्द्र सदाबहार वन और शोला-चरागाह बायोम पश्चिमी घाट की पूरी सीमा में सबसे आकर्षक भू-दृश्य है;

और, कुद्रेमुख भू-दृश्य की विस्तृत श्रेणी की ऊंचाई 135 मीटर समुद्र स्तर से उच्च भूमि के 1900 मीटर समुद्र स्तर तक निरूपित है और तदनुसार वनस्पति और परिचर जीवजंतु की एक विस्तृत श्रृंखला है और कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान के प्रमुख वन प्रकार (चैंपियन और सेठ 1968) को दक्षिणी पहाड़ी के शीर्ष उष्णकटिबंधीय सदाबहार वनों (1ए/सी3) (शोला), उष्णकटिबंधीय आर्द्र सदाबहार वन (1ए/सी4), पश्चिम तटीय अर्ध- सदाबहार वन (2ए/सी2), दक्षिण भारतीय आर्द्र पर्णपाती वन (3बी/सी2) और दक्षिण भारतीय उपोष्णकटिबंधीय पहाड़ी सवाना (8ए(सी1/डी एस) में वर्गीकृत किया गया है;

और, कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान के वनस्पति मूल्य के अतिरिक्त कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान के जीवजन्तु मूल्य का विशेष महत्व है, कुद्रेमुख भारत और विश्व में लघु पूंछ वानर (कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान की फलेगशिप प्रजाति) का एक बड़ी जीवसंख्या के लिए बड़ा केंद्र/आवास बना हुआ है; राष्ट्रीय उद्यान, विश्व के सबसे लंबे विषैले सांप किंग कोबरा का भी वास है और मालाबार तवांगु कुद्रेमुख का स्थानिक दुर्लभ नर-वानर है; यह राष्ट्रीय उद्यान आर्द्र उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन का प्रतिनिधित्व करता है इसमें मुख्य तीन मांसाहारी जैसे- बाघ,तेंदुआ और जंगली कुत्ते पाए जाते हैं; कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान जीवजंतु समूह जैसे- सरीसृप, उभयचर और मछलियों के लिए उच्च स्तरीय स्थानिकता रखता है। इस राष्ट्रीय उद्यान में पाये जाने वाली अन्य प्रजातियों में एशियाई हाथी, भारतीय गौर, सांभर हिरण, मुंजक/मुनतजक, चित्तीदार हिरण, पिसूरी, रीछ, धारीदार लकड़बग्घा, कस्तूरी-मृग, जंगली सुअर, हंनुमान लंगूर, बोनट मकाक, मालाबार विशाल गिलहरी, मोर, पायथन और मालाबार सीविट, आदि सम्मिलित है; कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र केंद्रीय पश्चिमी घाट में ऑर्किड के लिए गर्म स्थान में सबसे गर्म स्थान के रुप में जाना जाता है;

और, इसके सभी मूल्यों में से, कुद्रेमुख का पारिस्थितिक तंत्र सेवा मूल्य बहुत महत्व का है; कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान तुंगा, भाद्रा और नेथरावाथी जैसी मुख्य नदियों के लिए मुख्य स्त्रोत और जलग्रहण भी है और स्वर्णा, गुरुपुरा, येन्नेहोले और सीथानाधी जैसी अन्य छोटी नदियों के लिए जल ग्रहण साधन है जो स्थानीय लोगों के लिए एकमात्र साधन है और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है; कुद्रेमुख दक्षिण भारत में एक उच्चतम वर्षा वृष्टि (प्रति वर्ष 7000 मि. मी. औसत) वाला स्थान है; इसके अतिरिक्त, कुद्रेमुख के आर्द्र सदाबहार शोला वन एक स्पंज की तरह कार्य करते हैं, इस प्रकार पानी की भारी मात्रा भूमिगत रिजर्व के रुप में रहती है जो कि साल भर में धीरे-धीरे नदियों में जाती है और भौगोलिक दृष्टि से, राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र (दक्षिण पश्चिम मानसून सहायता से) क्षेत्रीय जलवायु पर एक विशाल और स्थायी प्रभाव रखती है; इसके अलावा, कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान उच्चतम स्थायी बायोमास में से एक है जिसे प्रति हेक्टेयर 250-300 टन औसत का अनुमान लगाया जाता है और इसलिए यह एक बृहत् कार्बन सिंक है जो भूमंडलीय तापन का प्रतिकारक है और जलवायु परिवर्तन के तथ्य के रुप में कार्य करता है;

और, कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान से मुख्य वनस्पति प्रजातियां अभिलिखित की गई हैं जिसमें *कैलोफल्लुम एपेटालम* (होली होन्ने), *सिन्नामोमुम सल्फोराटम* (दालचीनी), *डायोस्पायरोस कैंडोल्लेना* (कारी मारा), *होपिया कैनेरेनिसिस* (मलाई नाइगा), *होपिया परविफ्लोरा* (किराल बोगी), *होपिया पोंगा* (डोड्डेले बोगी), *वन्दा स्पथुलता* (आर्किड), *गार्सिनिया इंडिका* (कोकुम), *हायडेनोकार्पस पेंटेंड्रा* (चलमोगरा येन्ना मारा, मिरोलहाकाई, दुरती),*कनेमा अट्टेनुआते* (रक्तामारा), आदि शामिल है;

और, प्रकृति और प्राकृतिक साधनों के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ (आईयूसीएन) के अनुसार, कुछ प्रजातियां जो गंभीर रूप से लुप्तप्राय, असुरक्षित, संकटापन्न की श्रेणी में आती हैं, वे कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान में पाई जाते हैं जिसमें स्तनधारियों जैसे *पैंथेरा टाइगरिस* (बाघ), *पेन्थेरा प्रज्यूस* (सामान्य तेंदुआ), *परिओनाइलुरूस रुबिगिनोसुस* (रूस्टी चित्तीदार बिल्ली), *विवेर्रा सिवेट्टीना* (मालाबार सीवेट), *मेलर्सस अरसिनस* (रिछ), *एलेफ़स मैक्सिमस* (एशियाई हाथी), बोस गोरस (गौर), *सरवस यूनीक्लोर* (सांभर), *पेटिनॉयस उसककापिल्लुस* (छोटा तरवनकोर सूरज-भगत), रतुफा इंडिका (भारतीय विशाल गिलहरी), *मानिस क्रैसिकाउडाटा* (भारतीय साल), *प्लाटसान्थोमि लसियरस* (मालाबार स्पिनी डॉर्माउस), *लुतरा लुतरा* (सामान्य ओटर), *एनोक्सी किनेरेया* (क्लॉ लेस्स ऊदबिलाव), आदि शामिल हैं;

और, राष्ट्रीय उद्यान में महत्त्वपूर्ण पक्षी, सरीसृप, उभयचर और तितलियां पाई जाती हैं जिसमें *एन्थ्राकोसेरोस कोरोन्नाटस* (मालाबार चितकबरी धनेश), *बुकेरोस बिकोर्निस* (ग्रेट हॉर्नबिल), *इचिथियोफागा इचिथायेटस* (ग्रे हेडेड फिश ईगल), *अंहींगा मेलानोगास्टेस* (डार्टर), *किकोनिया इपिस्कोपस* (वोल्लय–नक्केड स्ट्रोक), *फिकेडुला निगरोरूफा* (ब्लैक और ऑरेंज फ्लाईकैचर), *इयत्थिअस अल्बिकाउडाटा* (नीलगिरि फ्लाई कैचर), *इनडोटेस्तुडो फोरेस्टेनी* (टोरटोइस), *गेओचेलोना इलेगांस* (इंडियन फ्लैप शैल टर्टल), *क्रॉकोडैलुस पालुस्ट्रीस* (क्रॉकोडिल्स), *नाजा नाजा* (स्पेक्टैलेड कोबरा),

ओफिओफागस हन्नाह (किंग कोबरा), *अंसोनिया ओर्नाटा* (मालाबार टोर्रेंट टोड), *बुफो बेडुोमि* (बेडुोमि टोड), *रामानेल्ला मोनताना* (जेरडोन नेर्रोव-मोउथेड फ्रॉग), *इंनडिराना लेइथि* (लेइथस लैपिंग फ्रॉग और मैथरेन इंडियन फ्रॉग), *लिम्नोनेकटेस लिमोचालरस* (इंडियन क्रिकेट फ्रॉग), *मिकरीक्लुस सेक्सिकोलुस* (मालाबार टरोपिकल फ्रॉग), *नीकटीबतराचुस डेक्सानेसिस* (डेक्कन नाइट फ्रॉग, डेक्कन वरिंकलेड फ्रॉग), *नीकटीबतराचुस मजोर* (मालाबार नाइट फ्रॉग), नीकटीबतराचुस संकटी पालुस्ट्रीस (कूर्ग नाईट फ्रॉग और सेक्रेड स्वाम्प ब्रिंकलेड़ राना औरांटिआका (त्रिवेंद्रम फ्रॉग, सामान्य वूड फ्रॉग), *राना टेम्पोरालिस* (ब्रोंज़ेड फ्रॉग और गुंथर गोल्डन-बैकेड फ्रॉग) *टोमोप्टेमा रूफेस्केंस* (रूफेस्केस बुरोइंग फ्रॉग), *आईडिया मालबरिका* (मालाबार ट्री निम्फ), आदि शामिल हैं;

और, कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं पारिस्थितिकी पर्यावरणीय से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, जैव विविधिता की दृष्टि सुरक्षित और संरक्षित करना और उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गों के प्रचालन और प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) (जिसे इस अधिसूचना में इसके पश्चात पर्यावरण अधिनियम कहा गया है) की धारा 3 की उपधारा (1) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्नाटक राज्य के चिकमंगलुरू दक्षिण कन्नड और उडुप्पी जिला के कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान की सीमा के चारों ओर 0 (शून्य) से 9.60 किलोमीटर तक विस्तारित क्षेत्र को कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इस अधिसूचना में इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :-

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमाएं.**-(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान की सीमा के चारों ओर 0 (शून्य) *(सोमेश्वर वन्यजीव अभयारण्य के समीपवर्ती होने के कारण* कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान *के उत्तरी भाग में पारिस्थितिकी संवेदी का शून्य विस्तार है)* से 9.60 किलोमीटर है और पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्रफल 316.63 वर्ग किलोमीटर है।

(2) कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण **उपाबंध-I** के रूप में उपाबद्ध है।

(3) सीमा विवरण और अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान के मानचित्र **उपाबंध-IIक, उपाबंध-IIख, उपाबंध-IIग, उपाबंध-IIघ** और **उपाबंध-IIङ** के रूप में उपाबद्ध है।

(4) पारिस्थितिकी संवेदी जोन और कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान की सीमा के भू-निर्देशांकों की सूची **उपाबंध-III** के सारणी **क** और सारणी **ख** में दी गई है।

(5) मुख्य बिंदुओं के भू-निर्देशांकों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों, संलग्न ग्रामों और रिज़र्व वन के क्षेत्र की सूची **उपाबंध IV** के सारणी **क,** सारणी **ख और** सारणी **ग** में दी गई है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.– (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजनों के लिए, राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए, राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनार्थ एक आंचलिक महायोजना बनायेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति से जो इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किए गए हों के अनुसार तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरूप तथा केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शन, यदि कोई हों, द्वारा तैयार की जाएगी ।

(3) आंचलिक महायोजना, उक्त योजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरण संबंधी सरोकारों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से तैयार की जाएगी, अर्थात्:-

(i) पर्यावरण;

(ii) वन और वन्यजीव;

(iii) शहरी विकास;
(iv) पर्यटन;
(v) नगर पालिका;
(vi) राजस्व;
(vii) कृषि;
(viii) ग्रामीण विकास
(ix) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;
(x) पंचायती राज;
(xi) कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड; और
(xii) लोक निर्माण विभाग।

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, तथा आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचनाओं और क्रियाकलापों में जो अधिक दक्षता और पारिस्थितिकी-अनुकूल हों का संवर्धन करेगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों की पुनः बहाली, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण के ऐसे अन्य पहलुओं की व्यवस्था की जाएगी जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और शहरी बस्तियों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, उद्यानों और उद्यानों की तरह के हरित क्षेत्रों, उद्यान कृषि क्षेत्रों, बगीचों, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यंकन करेगी और इस में विद्यमान और प्रस्तावित भू- उपयोग की विशेषताओं का ब्यौरा देने वाले अनुसमर्थित मानचित्र भी दिए जाएंगे।

(7) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी और सारणी में सूचीबद्ध पैरा-4 में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों का अनुपालन करेगी और स्थानीय समुदायों की जीविका को सुरक्षित करने के लिए पारिस्थितिकी अनुकूल विकास को सुनिश्चित और उसकी अभिवृद्धि भी करेगी।

(8) आंचलिक महायोजना, प्रादेशिक विकास योजना की सह-विस्तारी होगी ।

(9) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार मानीटरी के अपने कार्यों को करने के लिए एक संदर्भ दस्तावेज तैयार करेगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.-** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:-

(1) **भू-उपयोग.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, उद्यान कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के प्रयोजनों के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक या आवासीय या औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा:

परंतु यह कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भाग (क) में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन मानीटरी समिति की सिफारिश पर और यथा लागू और क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम और केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अन्य नियमों तथा विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, और इस अधिसूचना के उपबंधों द्वारा स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ़ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिनके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग भी हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुविधाएं सहायक

पारिस्थितिकी पर्यटन जिसके अन्तर्गत गृह वास सम्मिलित है; और

(v) पैरा 4 के अधीन दिए गए संवर्धित क्रियाकलाप:

परंतु यह और कि प्रादेशिक नगर योजना अधिनियम और राज्य सरकार के अन्य नियमों और विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन और संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों या तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई गलती, मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार ठीक की जाएगी और उक्त गलती के सुधार की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह और भी कि गलती के संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा-उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा;

(ख) वनीकरण तथा वास जीर्णोद्धार क्रियाकलापों सहित अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोतों.**- आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों के आवाह क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और नवीकरण के लिए महायोजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा इन क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के बारे में जो ऐसे क्षेत्रों के लिए अहितकर हो ऐसी रीति से मार्गदर्शक सिद्धांत तैयार किए जाएंगे ।

(3) **पर्यटन या पारिस्थितिकी पर्यटन.-** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए होगा।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना राज्य पर्यटन विभाग द्वारा राज्य पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से तैयार होगी।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगी।

(घ) पर्यटन महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन की वहन क्षमता के आधार पर तैयार की जाएगी।

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित होंगे:-

(i) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नये वाणिज्यिक होटल और रिजॉर्ट के सन्निर्माण अनुज्ञात नहीं होंगे:

परंतु, यह कि संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक होटलों और रिजॉर्ट का स्थापना केवल पूर्व परिभाषित और नामनिर्दिष्ट क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए ही अनुज्ञात होगा;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी पारिस्थितिकी–पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देते हुए (समय-समय पर यथा-संशोधित) जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा और मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर किसी नये होटल या रिसोर्ट या वाणिज्यिक स्थापना का संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जायेगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और विरासत संरक्षण योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में परिरक्षण और संरक्षण के लिए तैयार की जाएगी ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, स्थापत्य, सौंदर्यपूरक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की और उपक्षेत्रों पहचान और उनके संरक्षण के लिए विरासत योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में तैयार की जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण**.- पर्यावरण अधिनियम के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसार में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण और निवारण का अनुपालन किया जाएगा।

(7) **वायु प्रदूषण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण का वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार अनुपालन किया जाएगा।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, साधारण मानकों के उपबंधों के अनुसार पर्यावरणीय अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सारण के लिए साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों, जो भी अधिक कठोर हो, के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट.-** ठोस अपशिष्ट का निपटान एवं प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 द्वारा प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा; अकार्बनिक पदार्थों का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों (ईएसएम) का उपयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट.**- जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा.-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.सा.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में पहचाने गए प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव-चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.सां.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(13) **ई–अपशिष्ट.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित द्वारा प्रकाशित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय यातायात.-** यातायात की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध सम्मिलित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति सुसंगत अधिनियमों और उसके अधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय क्रियाकलापों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(15) **यानीय प्रदूषण.-** लागू विधियों के अनुपालन में वाहन प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण किया जाएगा। स्वच्छक ईंधन के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां.-** (i) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषित उद्योगों की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ii) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी मार्गदर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार, जब तक कि अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो; पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त, गैर प्रदूषणकारी उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण.-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार होगा:-

(क) आंचलिक महायोजना पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों का संकेत होगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ख) कटाव के एक उच्च डिग्री के साथ विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण अधिनियम के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियमों जिसके अन्तर्गत तटीय विनियमन जोन, 2011 और पर्यावरणीय समाधान निर्धारण अधिसूचना, 2006 और अन्य लागू विधियां के जिसमें वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) सम्मिलित हैं और उस पर किये गये संशोधनों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :-

सारणी

क्रम सं. (1)	क्रियाकलाप (2)	वर्णन (3)
	अ. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाईयां ।	(क) वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनकों तोड़ने की इकाइयां तत्काल प्रभाव से प्रतिषिद्ध होगी। (ख) खनन प्रचालन, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में

		आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसरण में प्रचालन होगा ।
2.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
3.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि, आदि) उत्पन करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुज्ञा नहीं होगी: परन्तु यह कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी मार्ग दर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार जब तक कि अधिसूचना में ऐसा विनिर्दिष्ट न हों, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्यागों को बढ़ावा दिया जाएगा।
4.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
5.	बृहत जल विद्युत परियोजना की स्थापना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
6.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का उपयोग या उत्पादन या प्रसंस्करण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
7.	प्राकृतिक जल निकायों या क्षेत्र भूमि में अनुपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
8.	नए काष्ठ आधारित उद्योग।	पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमाओं के भीतर नए काष्ठ आधारित उद्योगों की स्थापना को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु विद्यमान काष्ठ आधारित उद्योग तब तक जारी रह सकेंगे।
9.	पवन चक्कियां लगाना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
10.	ईंट भट्टों की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
आ. विनियमित क्रियाकलाप		
11.	पोलिथीन बैगों का उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
12.	वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों लघु अस्थायी संरचनाओं के सिवाय संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नए वाणिज्यिक होटल और रिसोर्टों को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु यह कि संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के परे या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक इनमें से जो भी निकट हो सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलाप का विस्तार पर्यटन महायोजना और यथा-लागू

		मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरुप होगा।
13.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार के नये वाणिज्यिक संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी: परंतु यह कि स्थानीय लोगों को अपनी आवास सम्बन्धी निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने उपयोग के लिए, अपनी भूमि में भवन उप-विधियों के अनुसार, संनिर्माण करने की अनुज्ञा होगी, जैसे: परंतु यह कि गैर–प्रदूषणकारी लघु उद्योगों से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से विनियमित किए जाएंगे और वे न्यूनतम होंगे । (ख) एक किलोमीटर क्षेत्र से परे ये आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
14.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होंगे ।
15.	सतही और भूजल का वाणिज्यिक उपयोग एवं निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
16.	विद्युत और संचार टावरों का परिनिर्माण और केबलों के बिछाए जाने और अन्य बुनियादी ढांचे ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे (भूमिगत केबल के बिछाए जाने को बढ़ावा दिया जा सकेगा)।
17.	होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड़ लगाना ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
18.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ़ करना तथा नवीन सड़कों का संनिर्माण ।	न्यूनीकरण उपायों को लागू विधियों, नियमों और विनियमनों तथा उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार किया जाएगा ।
19.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित ।
20.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
21.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
22.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्तारण ।	जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव के निस्सारण से बचा जाएगा और उपचारित अपशिष्ट जल के पुन:चक्रण और पुन:उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे। अन्यथा लागू विधियों के अनुसार उपचारित बहिर्स्राव के पुनर्चक्रण/प्रवाह के निर्वहन को विनियमित किया जाएगा।
23.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
24.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और

		अपरिसंकटमय में, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
25.	वन उत्पादों या गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
26.	वायु और यानिक प्रदूषण ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
27.	कृषि प्रणालियों में आमूल परिवर्तन ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
28.	नागरिक सुख सुविधाओं सहित अवसंरचनाएं ।	न्यूनीकरण उपायों को लागू विधियों, नियमों और विनियमनों और उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार किया जाना ।
29.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस, आदि द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
30.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ दुग्धशाला, दुग्ध उद्योग, कृषि और मछली पालन ।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात ।
31.	फर्मों, कारपोरेट और कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुओं और पोल्ट्री फार्मों की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
32.	ठोस अपशिष्ट का प्रबन्धन।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
33.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
इ. संवर्धित क्रियाकलाप		
34.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
35.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
36.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
37.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर भी हैं।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का उपयोग।	बायोगैस, सौर प्रकाश, इत्यादि को बढ़ावा दिया जाना है ।
39.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
40.	बागान लगाना और जड़ी बूटियों का रोपण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
41.	पारिस्थितिकी अनुकूल परिवहन का उपयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
42.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
43.	निम्नीकृत भूमि/ वन / वास की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
44.	पर्यावरणीय जागरुकता ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

India Code

5. पारिस्थितिकी संवेदी जोन की अधिसूचना की मानीटरी के लिए मानीटरी समिति- केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उपधारा (3) के अधीन इस अधिसूचना के उपबंधों की प्रभावी मानीटरी के लिए मानीटरी समिति का गठन करती है, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी अर्थात्:-

क्र.सं.	**मानीटरी समिति का संघटक**	**पदनाम**
(i)	क्षेत्रीय आयुक्त, मैसूर	अध्यक्ष,पदेन;
(ii)	पर्यावरण विभाग, कर्नाटक सरकार के प्रतिनिधि	सदस्य;
(iii)	कर्नाटक सरकार के शहरी विकास विभाग के प्रतिनिधि	सदस्य;
(iv)	कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि	सदस्य;
(v)	प्रत्येक मामले में एक वर्ष की अवधि के लिए कर्नाटक सरकार द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन का एक प्रतिनिधि	सदस्य;
(vi)	प्रत्येक मामले में एक वर्ष की अवधि के लिए कर्नाटक सरकार द्वारा पारिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र में एक नामनिर्दिष्ट विशेषज्ञ	सदस्य;
(vii)	उपायुक्त या उनके प्रतिनिधि, चिकमंगलूरु	सदस्य;
(viii)	उपायुक्त या उनके प्रतिनिधि, उडुपी	सदस्य;
(ix)	उपायुक्त या उनके प्रतिनिधि, दक्षिण कन्नड़	सदस्य;
(x)	मुदिगेरे निर्वाचन क्षेत्र से विधान सभा के सदस्य	सदस्य; *
(xi)	करकला निर्वाचन क्षेत्र से विधान सभा के सदस्य	सदस्य; *
(xii)	बेलथानगडे निर्वाचन क्षेत्र से विधान सभा के सदस्य;	सदस्य; *
(xiii)	श्रीनगेरी निर्वाचन क्षेत्र से विधान सभा के सदस्य	सदस्य; *
(xiv)	उप वन संरक्षक, कुद्रेमुख वन्यजीव प्रभाग, करकला	सदस्य- सचिव।

* (इस शर्त के अधीन रहते हुए कि कर्नाटक राज्य सरकार अन्य बातों के साथ सुसंगत अनुमोदन, जिसके अंतर्गत कर्नाटक विधान सभा के सभापति की अनुज्ञा भी है, यदि अपेक्षित हो, अभिप्राप्त करेगी) ।

6. निर्देश निबंधन:- (1) मानीटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन की मानीटरी करेगी।

(2) मानीटरी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक या राज्य सरकार द्वारा नई समिति का पुनर्गठन किए जाने तक होगा और तत्पश्चात् मानीटरी समिति राज्य सरकार द्वारा गठित की जाएगी।

(3) उन क्रियाकलापों की, जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का. आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित हैं, और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, सिवाय इसके पैरा 4 के अधीन सारणी में यथाविनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के मानीटरी समिति द्वारा वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट किया जाएगा।

IndiaCode

(4) उन क्रियाकलापों की, जो भारत के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ.1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित नहीं है, और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, सिवाय इसके पैरा 4 के अधीन सारणी में यथाविनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के, मानीटरी समिति द्वारा वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त या संबंधित उपायुक्त ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, की धारा 19 के अधीन परिवाद दायर करने के लिए सक्षम होगा।

(6) मानीटरी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को, अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक के अपने क्रियाकलापों की वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को, **उपाबंध-V** में संलग्न प्रपत्र के अनुसार, उस वर्ष की 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को उसके कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा जो वह उचित समझे ।

7. उच्चतम न्यायालय के आदेश- इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार, अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी।

8. अतिरिक्त उपाय - इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित किए गए या पारित किए जाने वाले आदेश, यदि कोई हो, के अध्यधीन होंगे ।

[फा. सं. 25/147/2015-ईएसजेड-आरई]

डॉ. सतीश चन्द्र गढ़कोटी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध- I

कर्नाटक राज्य में कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान के चारों ओर पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

उत्तर:-	कुद्रेमुख पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा रेखा मुदराही ग्राम के बच्चाप्पु से आरंभ होकर और कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान सीमा के साथ दक्षिण पूर्व की ओर जाती है और कपोली के निकट कौपली धारा प्रवाह जुड़ती है। इसके अतिरिक्त, यह कौपली धारा प्रवाह के साथ दक्षिण पूर्व दिशा की ओर मुड़ती है और सोमेश्वर रिज़र्व वन सीमा से जुड़ती है। इसके अतिरिक्त, पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा पुन: दक्षिण पूर्व की ओर सोमेश्वर रिज़र्व वन सीमा के साथ जाती है और पुन: दुर्गा में कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान सीमा रेखा से जुड़ती है। इसके अतिरिक्त, यह दक्षिण में कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान के साथ मुड़ती है और इसके बाद उत्तर पूर्व दिशा में जाती है यह नरसिम्हा पर्वत राज्य वन के उत्तरी टीप तक पहुंचती है। इसके बाद यह कोटे के निकट चोटी बिंदु 767 से जुड़ती है। पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा रेखा सोमेश्वर वन्यजीव अभयारण्य की पारिस्थितिकी संवेदी जोन की पूर्वी सीमा रेखा के साथ मिलती है।
पूर्व:-	इसके अतिरिक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा दक्षिण पूर्वी दिशा में हसानाबलू ग्राम में नरसिम्हा पर्वत राज्य वन के 1 किलोमीटर के समानांतर रेखा के साथ जाती है और यह बैलूबरू धारा प्रवाह को काट कर हसानाबलू के निकट चोटी बिंदु 741 पहुंचती है और इसके बाद हसानाबलू में हसानाबलू कीग्गा सड़क पार करके कटती है। और हाराहरी धारा प्रवाह के निकट मासागी ग्राम सीमा को काटती है। इसके अतिरिक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा दक्षिण पूर्व और पूर्व की ओर मासागी ग्राम में नरसिम्हा पर्वत राज्य वन के 1 किलोमीटर के समानांतर रेखा के साथ जाती है और मालाधी धारा प्रवाह के निकट मिग्गा ग्राम सीमा से जुड़ती है। इसके अतिरिक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा दक्षिण की ओर मिग्गा ग्राम में नरसिम्हा पर्वत राज्य वन के 1 किलोमीटर समानांतर रेखा के साथ जाती है और मालाधी धारा प्रवाह को काटती है और


IndiaCode

	इसके अतिरिक्त यह दक्षिण पूर्व की ओर मुड़ती है और हसानाबलू कीग्गा सड़क और मालाथी धारा प्रवाह के त्रि-जंक्शन के निकट मरकल ग्राम सीमा से जुड़ती है। इसके अतिरिक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा मरकल ग्राम में नरसिम्हा पर्वत राज्य वन के समानांतर रेखा 1 किलोमीटर के साथ जाती है और दक्षिण पूर्व की ओर मुड़कर और मगोदु धारा प्रवाह से कटती है। इसके अतिरिक्त धारा प्रवाह के साथ पूर्व की ओर मुड़कर और इसके बाद कीग्गा के निकट चोटी बिंदु 862 के निकट होते हुए दक्षिण में जाती है और हूलगरबली के निकट यादाली ग्राम सीमा से जुड़ती है। इसके अतिरिक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा दक्षिण की ओर हूलगरबैल ग्राम में नरसिम्हा पर्वत राज्य वन के समानांतर रेखा के 1 किलोमीटर के साथ जाती है और नलिनी धारा प्रवाह से कटकर और इसके बाद यह पूर्व और दक्षिण पूर्व की ओर मुड़कर और सुनकदामक्की के निकट थुंगा नदी से कटकर और मरूवीनाकोम्बे के निकट नेम्मर ग्राम सीमा से जुड़ती है। इसके अतिरिक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा दक्षिण पूर्वी और दक्षिण दिशा की ओर नेम्मर ग्राम में थुंगाबद्रा राज्य वन के समानांतर रेखा के 1 किलोमीटर के साथ जाती है और हंडलमन के निकट 821 की चोटी बिंदु से होते हुए जाती है और हंडलमन में सड़क से जुड़ती है। इसके अतिरिक्त यह सड़क के साथ दक्षिण की ओर मुडकर और हेरूरू ग्राम सीमा से जुड़ती है इसके अतिरिक्त यह बुक्थीबैलु के निकट चोटी बिंदु 799 से सीधे मिलती है और इसके बाद बुक्थीबैलु और वलाले सड़क में बुक्थीबेलू के निकट चोटी बिंदु 641 से जुड़ती है। इसके अतिरिक्त रेखा वलाले के दक्षिण पूर्वी की ओर सड़क के साथ आडे-तिरछे ढंग में जाती है। इसके अतिरिक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा हेरूर ग्राम में थुंगाबद्रा राज्य वन के समानांतर रेखा के 1 किलोमीटर के साथ जाती है और पूट्टागोदू ग्राम सीमा पहुंचती है। इसके अतिरिक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन रेखा चोटी बिंदु 1044 की श्रेणी के साथ मुड़ती है और हगलगंगी के निकट श्रीनगेरी तालुक सीमा से जुड़ती है। इसके अतिरिक्त यह तालुक सीमा और चोटी बिंदु 943 के उत्तर पूर्व धारा प्रवाह के साथ मुड़कर यह हारालवनी ग्राम के हारासीने के निकट सड़क से जुड़ती है। इसके अतिरिक्त रेखा गोलुगोदु धारा प्रवाह हारालवाई ग्राम में दक्षिण पूर्वी की ओर सड़क के साथ जाती है और मेगुरू ग्राम सीमा से जुड़ती है। इसके अतिरिक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा मेगुरू ग्राम में थुंगाबद्रा राज्य वन के समानांतर रेखा के 1 किलोमीटर के साथ जाती है और भाईरादेवारू ग्राम सीमा से जुड़ती है। इसके अतिरिक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा बलेकोदीगे के निकट बलेकोदीगे अट्टीकोदीगे सड़क के भाईरादेवारू ग्राम में थुंगाबद्रा राज्य वन के समानांतर रेखा के 1 किलोमीटर के साथ जाती है इसके अतिरिक्त रेखा बीललकोप्पा डिस्पेंशरी के सड़क के साथ आड़े-तिरछे जाती है और अट्टीकोदीगे ग्राम सीमा से जुड़ती है । इसके अतिरिक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा अट्टीकोदीगे ग्राम में थुंगाबद्रा राज्य वन के समानांतर रेखा के 1 किलोमीटर के साथ जाती है और कोबनहल्ली कॉफी एस्टेट सड़क से जुड़ती है। इसके अतिरिकत् यह कोवनहल्ला कॉफी एस्टेट की सीमा के साथ सड़क के साथ पूर्व और दक्षिण की ओर मुड़ती है इसके अतिरिक्त यह चोटी बिंदु 1406 और 1207 के नीचे वन ग्राम सीमा के साथ दक्षिण पश्चिम में मुड़कर और होरांदू धारा प्रवाह से जुड़ती है । इसके अतिरिक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा होरांदू, मवीनाकेरे, कलकोदू ग्रामों में पश्चिम और दक्षिण की ओर थुंगाबद्रा राज्य वन सीमा के समानांतर जाती है और यह भद्रा नदी से मिलती है जो कलकोदू और समसे ग्राम को अलग करती है। इसके अतिरिक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा कतनीपल हम्लेट को पार करके, समझे होले और राज्य राजमार्ग सं.66 को पार करके, होसानाला कॉफी एस्टेट को पार करके दक्षिण पूर्वी की ओर समसे ग्राम में दक्षिण भद्रा राज्य वन के समानांतर रेखा के 1 किलोमीटर के साथ जाती है और समसे ग्राम में समसे चाय एस्टेट के अंतर्गत कार्ट सड़क पहुंचती है और इसके बाद कालसा ग्राम सीमा पहुंचती है। इसके अतिरिक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा होरेमक्की, अग्गालगुद्दा को पार करके पूर्वी की ओर कालसा और मारासनीगे ग्राम में नारावी रिज़र्व वन के समानांतर रेखा के 1 किलोमीटर के साथ जाती है और बल्गी ग्राम पहुंचती है। इसके अतिरिक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा मल्तीखान कॉफी एस्टेट, हुलीखान कॉफी एस्टेट पार करके बल्गी ग्राम में नारावी रिज़र्व वन के समानांतर रेखा के 1 किलोमीटर के साथ जाती है और हुलीखान कॉफी एस्टेट के अंतर्गत कार्ट सड़क पहुंचती है और दुर्गादल्ली ग्राम सीमा पहुंचती है। इसके अतिरिक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा होरीखान कॉफी एस्टेट मजदूरी रेखा को पार करके दुर्गादाहल्ली ग्राम में नारावी रिज़र्व वन के समानांतर रेखा के 1 किलोमीटर के साथ जाती है और बलूर राज्य वन को छूती है।
दक्षिण:-	इसके बाद रेखा पूर्व की ओर बलूर राज्य वन सीमा के साथ आड़े-तिरछे जाती है और चारमड़ी सड़क से मिलती है और इसके बाद दक्षिण पश्चिम की ओर चारमड़ी घाट सड़क के साथ मुड़कर और नड़ूमने के निकट चारमड़ी कानापडी रिज़र्व वन सीमा के साथ मिलती है। इसके अतिरिक्त यह उत्तर, दक्षिण पश्चिम की ओर

